अलवर के प्रताप राजपूत छात्रावास में दशहरा उत्सव, 500 प्रतिभाओं का सम्मान

शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

अलवर। प्रताप राजपूत छात्रावास शिक्षा समिति की ओर से मंगलवार को प्रताप राजपूत छात्रावास में भव्य दशहरा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे पारंपरिक शस्त्र पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर समाज के करीब 500 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शैक्षिणक एवं अन्य क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह

- **आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था**

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति के संयोजक भावेश ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना तथा क्षेत्र के विकास और सामाजिक हितों से जुड़े विषयों पर ा ि ा ा ा र - ा ि ा म ा श ा

पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में प्रताप राजपूत छात्रावास में भव्य दशहरा उत्सव मनाया गया।

करना था। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दशहरा उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में शिक्षा, आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। आयोजकों के अनुसार, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान करने का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। आयोजन के माध्यम से सामाजिक एकता और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया गया।

टाईगर श्रॉफ के हमलावरों को कड़ी सुरक्षा में मुंबई ले गई पुलिस

कोटा, (निसं)। बॉलीवुड अभिनेता टाईगर श्रॉफ फायरिंग केस में पकड़े गए आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह मुंबई पुलिस का काफिला लेकर रवाना हो गया। मुंबई में टाईगर श्रॉफ के कार पर हुई फायरिंग की घटना से जुड़े तीन आरोपियों को कोटा पुलिस ने सोमवार को पूणे-जयपुर ट्रेन से धर दबोचा था, इसके बाद कोटा पहुंची मुंबई पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर तीनों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। तीनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोटा में सोमवार रात्रि को रेलवे कॉलोनी थाने के हवालात में रखा गया, इस दौरान थाने के बाहर और परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए क्विक रिस्पांस फोर्स का विशेष जाब्ता तैनात किया गया। आरोपियों का पीछा करते हुए मुम्बई पुलिस भी सोमवार को कोटा पहुंच गई थी, पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया और सभी जरूरी मेडिकल टेस्ट कराए गए, न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर मुम्बई पुलिस मंगलवार सुबह आरोपियों को लेकर रवाना हो गई, कोटा पुलिस भी इन्हें शहर की सीमा तक एस्कॉर्ट किया। कोटा शहर पुलिस ने मामले में सूचना पर कार्यवाही करते हुए पूर्ण-जयपुर ट्रेन के जनरल कोच से दो आरोपी रेहान व ऋतिक सहित व एक नाबालिग को पकड़ा था।

सोते हुए मजदूर पर चढ़ा पानी से भरा टैंकर, मौत

बीकानेर । एक ऊन मिल में दर्दनाक हादसा हो गया। रात काम के बाद थकान के चलते एक मजदूर आराम करने के लिए खुले में पड़ी ऊन पर ही सो गया। सुबह करीब 8 बजे पानी से भरा एक टैंकर वहां से गुजरा और मजदूर के ऊपर से निकल गया। टैंकर की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसका शरीर बुरी तरह कुचल गया और घटनास्थल पर खून फैल गया। हादसे के बाद मजदूर का शव पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। यह हादसा कोटगेट थाना क्षेत्र स्थित

- **मिल के अंदर सूख रही ऊन पर आराम कर रहा था, सिर बुरी तरह कुचला**

रानीबाजार इंडस्ट्रियल एरिया की गली नंबर 7 में एक ऊन मिल का है। कोटगेट थानाधिकारी विक्रम तिवारी ने बताया कि मृतक की पहचान नंदू सिंह भाटी (40) पुत्र जयराम सिंह भाटी, निवासी रीको रोड नंबर 8, गंगाशहर, बीकानेर के रूप में हुई है। वह रानीबाजार की गली नंबर 7 स्थित सुराणा टेक्सटाइल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। कोटगेट थानाधिकारी विक्रम तिवारी ने बताया कि मजदूर मिल परिसर में खुले में पड़ी ऊन पर आराम कर रहा था। रात में काम के बाद उसे वहीं नींद आ गई। इसी दौरान 10 हजार लीटर पानी से भरा टैंकर वहां पहुंचा। टैंकर चालक को पता नहीं था कि ऊन के ऊपर मजदूर सो रहा है। ऐसे में टैंकर उसके ऊपर से निकल गया। हादसे में टैंकर का पहिया मजदूर के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया ।

3.74 लाख रुपए के कॉपर चोरी के मामले का खुलासा, नौ पकड़े

जोधपुर । रेलवे सुरक्षा बल ने आधुनिक तकनीक और सटीक जांच के जरिए बासनी रेलवे स्टेशन यार्ड से चोरी हुए 3.74 लाख रुपए के कॉपर वायर मामले का पर्दाफास कर दिया है। साथ ही शत-प्रतिशत बरामदगी कर सफलता की मिसाल पेश की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) नीतीश शर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 16-17 अगस्त 2026 की रात बासनी रेलवे स्टेशन यार्ड में खड़े ओएचई टावर वैगन से 1,294 मीटर कैटेनरी कॉपर वायर चोरी हुआ था। आरपीएफ पोस्ट भगत की कोठी ने मामला दर्ज कर इस

- **शत-प्रतिशत बरामदगी कर सफलता की मिसाल पेश की**

मामले की जांच शुरू की। करीब 70 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और फास्टैग रिकॉर्ड की मदद से जांच टीम प्रयागराज तक पहुंची। मामले में आठ आरोपियों और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में प्रयुक्त पिकअप भी जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि सहायक सुरक्षा आयुक्त मुकेश कुमार व टीम को निर्देश के बाद पर्यवेक्षण में टीम ने घटनास्थल और आसपास के करीब 70 कैमरों के फुटेज खंगाले। संदिग्ध पिकअप की पहचान के बाद टोल प्लाजा के फुटेज और फास्टैग रिकॉर्ड से उसकी आवाजाही का पता लगाते लगाते टीम 19 अगस्त को प्रयागराज के करछना क्षेत्र स्थित देवरी खुर्द गांव पहुंची और यूपी 70 पीटी 6664 नंबर की पिकअप जब्त की। इसके बाद 23 अगस्त को नरेंद्र पटेल उर्फ कार्तिक,मनोज,शिवम पटेल,शुभम पटेल और नीरज कुमार पटेल को गिरफ्तार किया गया।

भीलवाड़ा में मतदान दलों को चुनाव सामग्री आज बांटी जायेगी

भीलवाड़ा। पंचायतराज आम चुनाव 2026 के तहत जिले में मतदान दलों के प्रशिक्षण एवं निर्वाचन सामग्री वितरण व मतदान दलों की रवानगी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार प्रथम चरण का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर 2026 को प्रात: 8.00 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तिलक नगर में आयोजित किया जाएगा जिसमें पंचायत समितियों के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मतदान दलों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के पश्चात मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए हैं। प्रथम सत्र: प्रात: 8:00 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित होगा।इस सत्र में बिजौलिया, जहाजपुर, खजूरी, कोटडी एवं मांडलगढ़ के मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बिजौलिया में मतदान केंद्र संख्या 1 से 78 तक,

- **प्रथम चरण का प्रशिक्षण राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज**
- **सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मतदान दलों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे**

जहाजपुर में 1 से 107 तक, खजूरी में 1 से 87 तक, कोटड़ी में 1 से 164 तक तथा मांडलगढ़ में 1 से 120 तक के मतदान केंद्र शामिल हैं। इस सत्र में कुल 56 आरक्षित मतदान दलों सहित कुल 612 मतदान दल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस सत्र के लिए आरक्षित सहित क्रमांक 1 से 62 तक के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहेंगे। मतदान सामग्री प्राप्ति एवं वाहनों के प्रस्थान का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार द्वितीय सत्र: प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित होगा। इस सत्र में बनेड़ा, करेड़ा, मांडल एवं सुवाणा क्षेत्र के मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बनेड़ा में मतदान केंद्र संख्या 1 से 108 तक, करेड़ा में 1 से 102 तक, मांडल में 1 से 127 तक तथा सुवाणा में 1 से 217 तक के मतदान केंद्र शामिल हैं। इस सत्र में कुल 55 आरक्षित मतदान दलों सहित कुल 609 मतदान दल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस सत्र के लिए आरक्षित सहित क्रमांक 1 से 61 तक के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहेंगे। मतदान सामग्री प्राप्ति एवं वाहनों के प्रस्थान का समय दोपहर 1 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्य को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण एवं मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

रामलीला में रावण वध का रोमांचक मंचन

फुलेरा। कस्बे के रेलवे रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के 14वें दिन राम-रावण के बीच घोर संग्राम और रावण वध का रोमांचक मंचन किया गया। युद्ध में रावण के नहीं मरने पर विभीषण ने भगवान राम को उसकी नाभि में स्थित अमृत कुंड का रहस्य बताया। इसके बाद राम ने अग्निबाण से अमृत कुंड को सुखाकर रावण का वध किया। रावण वध होते ही देवी-देवताओं ने आकाश मार्ग से पुष्पवर्षा कर भगवान राम की विजय का उत्सव मनाया।

इस दौरान काली भैरव और शिव परिवार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रावण वध के बाद 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। भव्य सजावट और आतिशबाजी के बीच आयोजित मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की **आज होगा रामलीला महोत्सव का समापन :** बुधवार को भरत मिलाप, भगवान राम के राजतिलक और पारितोषिक वितरण के साथ 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का समापन होगा।

भीलवाड़ा सिंधी समाज ने महानवमी पर कन्या पूजन किया

भीलवाड़ा। सिंधी समाज सेवा संस्थान (उत्तर क्षेत्र) में मंगलवार को महानवमी के उपलक्ष में कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरसी व्यास कॉलोनी स्थित सिंधु भवन पंच परमेश्वर झूलेलाल मंदिर में प्रात: महामाया मातारानी की विशेष पूजा अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया जिसमें सम्मिलित सभी यजमानों ने देश व समाज की सुख समृद्धि के

- **सम्मिलित सभी यजमानों ने देश व समाज की सुख समृद्धि के लिये आहूतियां दीं**

लिये आहूतियां दीं। मंदिर में महाआरती के पश्चात 51 कन्याओं को साक्षात देवी स्वरूपा मान कर उनकी चरण वन्दना कर पूजन किया गया। अंत में सभी कन्याओं को भोजन करवा कर उन्हें फल, चॉकलेट, फ्रूटी, स्टेशनरी एवं अन्य कई उपहार भेंट किये गये। बाद में सभी श्रद्धालुओं के लिये भण्डारा प्रसादी आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी पंकज हेमराजानी ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष लालचंद नथरानी, संरक्षक भगवानदास नथरानी, मुख्य

भीलवाड़ा सिंधी समाज सेवा संस्थान (उत्तर क्षेत्र) में महानवमी के उपलक्ष में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

व्यवस्था प्रमुख तुलसीदास नथरानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार पहलवानी, उपाध्यक्ष राजकुमार बदलानी, वरिष्ठ सलाहकार वासुदेव मंघनानी, निर्मल आहूजा, दीनबंधु खत्री, ओमप्रकाश जेठानी, कोषाध्यक्ष एमडी राम, सह संगठन मंत्री सूरज नथरानी, कमलेश जेठानी, सचिव सुमित तोलानी, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी दिपेश दत्ता, जीतू जेठानी, सदस्य घनश्याम श्यामनानी, दिनेश बत्रा, महेश नथरानी, हीरा नथरानी, सतीश हेमराजानी, रमेश अगनानी, हीरानंद प्रीतमानी सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

युवक की हत्या के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

जोधपुर । शहर की माता का थान पुलिस ने हत्या के आरोप में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। हत्या की आरंभिक वजह पैसों के लेन देन की सामने आई है। फिलहाल पकड़े गए दोनों भाईयों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। घटना में घायल की अस्पताल में मौत के बाद परिजन ने रविवार को प्रदर्शन भी किया था। पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को अब गिरफ्तार कर लिया। दोनों को आज कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लिया। माता का थान थानाधिकारी अनिल यादव के अनुसार प्रकरण में मूलत : सुरपुरा खुर्द भोपालगढ़ हाल शिवजी नगर, 80 फीट रोड, पुरानी प्याउ के पास रहने वाले हेमंत (27) पुत्र रतनलाल दाधीच, मोहित दाधीच (21) पुत्र रतनलाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 15 अक्टूबर को लेनदेन को लेकर विवाद में आरोपियों ने संजय सोनी को रात 11.30 बजे के करीब बहाने बुलाया था। इसके बाद उससे बेरहमी से मारपीट की। जिसके चलते वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। संजय सोनी की एमजीएच में उपचार के बीच मौत हो गई थी। मृतक की मां सावित्री पत्नी मनोज सोनी की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। जिसमें हेमंत, उसके भाई व अन्य के खिलाफ उनके बेटे ओर उसके दोस्त को रास्ते में रोककर मारपीट करने की।

घाटला में ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

अलवर। अलवर के घाटला क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अलवर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जीआरपी थाना प्रभारी अंजू ने बताया कि मंगलवार सुबह घाटला क्षेत्र में एक महिला के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। मृतका की पहचान बस्कर बानो (35) निवासी हरसाना के रूप में हुई है। उसकी ससुराल लक्ष्मणगढ़ में बताई गई है। पुलिस के अनुसार, महिला पिछले करीब एक साल से मानसिक रूप से बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। वह अपनी बहन के घर घाटला आई हुई थी। इसी दौरान वह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल जीआरपी पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

चिड़ावा के कबूतरखाना बस स्टैंड पर खूनी संघर्ष

दो पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे, धारदार हथियार भी चले

चिड़ावा। शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार कबूतरखाना बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीच बाजार दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लात-घूंसे चले और धारदार हथियारों से हमला किए जाने की बात सामने आई है। अचानक हुए घटनाक्रम से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को अलग किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। एहतियात के तौर पर घटनास्थल के आसपास दिनभर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। फोन पर

- **बीच बाजार मारपीट से मची अफरा-तफरी, 4 घायल अस्पताल में भर्ती**

कहासुनी के बाद दुकान पर पहुंचे अख्तर, मारपीट का आरोप मामले में वार्ड 26 निवासी अख्तर पुत्र अमीन अली ने थाने में शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, 19 अक्टूबर को उनके पुत्र आर्यन और वार्ड 23 के मावंडिया की ढ ाणी निवासी समीर पुत्र पीरू के बीच फोन पर गाली-गलौच हुई थी। इसी बात को लेकर मंगलवार सुबह अख्तर कबूतरखाना बस स्टैंड स्थित समीर की दुकान पर उलाहना देने पहुंचे । अख्तर का आरोप है कि वहां समीर और उसके पिता पीरू ने उनके साथ हाथापाई और मारपीट की। इस दौरान दुकान में रखे लोहे के बांट से वार किया गया, जिससे उनके सिर में चोट आई। इसके बाद अख्तर और उस्मान ने दोनों आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो दुकान में पहले से मौजूद सात-आठ लोगों ने उन पर लोहे के सरियों से हमला कर दिया। मारपीट में अख्तर और उस्मान घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अकरम और इकराम भी चोटिल हो गए। मारपीट में अख्तर पुत्र अमीन अली, अकरम पुत्र जफ्फार अली, इकराम पुत्र निशार अली और उस्मान खान पुत्र अमीन खान घायल हुए।

पैंथर की दस्तक से दहशत

मसूदा। ग्राम पंचायत किराप में पैंथर की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। पैंथर की गतिविधि की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारी हजारीलाल ने मामले की जानकारी ली और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले कुछ समय से पैंथर की गतिविधियां देखी जा रही हैं। सीसीटीवी कैमरे में भी इसकी मौजूदगी दिखाई दी है। ग्रामीणों का दावा है कि पैंथर पहले भी कई बार क्षेत्र में नजर आ चुका है और मवेशियों का शिकार कर चुका है। इससे पशुपालकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में जल्द पिंजरा लगाकर पैंथर को सुरक्षित पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी जनहानि या पशु हानि की आशंका को रोका जा सके।

चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कैथून थाना इलाके में पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के दर्ज मामले में कैथून पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के पास से वारदता में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाईकिल जप्त की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा ग्रामीण में अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान ऑपरेशन क्रिमीनल डस्टिंग चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 15 अक्टूबर को फरियादी आरिफ हुसैन ने थाना कैथून में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके भतीजे वसीक उर्फ वसीम (23) पर अयान मेव और बिट्टू मेव ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक अरूण कुमार के सुपरविजन में कैथून थानाधिकारी मनोज सिंह सिकरवार के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। हमले के दो आरोपी कैथून के भीमपुरा निवासी अयान मेव (20) एवं जालखेड़ा निवासी रेहान उर्फ बिट्टू मेव (21) को गिरफ्तार किया, पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व दो अवैध चाकू बरामद किये है ।

अपनी जड़ों से कट जाता है इतिहास भूलने वाला समाज: शेखावत

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह अपनी जड़ों से कट जाता है, इसलिए जरूरी है कि हम इतिहास से लगातार जुड़े रहें। मंगलवार को बीजेएस, राजपूत सभा भवन में वीर शिरोमणि महाराव शेखाजी की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शेखावत ने कहा कि भारत के बौद्धिक ज्ञान, विज्ञान, संपदा और समृद्धि से आकर्षित होकर अनेक आक्रांता यहां आए। भारत की सभ्यता और उसकी संपन्नता ने विदेशी शक्तियों को आकर्षित किया। सिकंदर के समय से लेकर हूणों, कुषाणों और बाद के

- **महाराव शेखाजी जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**
- **प्रतिभा सम्मान समारोह में शेखावत ने कहा कि भारत के बौद्धिक ज्ञान, विज्ञान, संपदा और समृद्धि से आकर्षित होकर अनेक आक्रांता यहां आए**

आक्रांताओं तक भारत ने लंबे समय तक बाहरी आक्रमणों का सामना किया। इसके बावजूद भारतीय सभ्यता की निरंतरता बनी रही। इसका श्रेय उन पूर्वजों के साहस, संघर्ष, त्याग और अपनी संस्कृति के प्रति अटूट निष्ठा को जाता है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा। केंद्रीय मंत्री ने समाज से अपने इतिहास और गौरवशाली परंपराओं को संरक्षित करने का आ ान करते हुए कहा कि पूर्वजों के आदर्शों को केवल स्मरण करने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, अपितु उन्हें नई पीढ़ी के संस्कारों और जीवन मूल्यों का हिस्सा बनाना चाहिए। इतिहास से जुड़ाव ही समाज को अपनी पहचान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक बनाए रखता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतिहास पुरुषों के शौर्य, संघर्ष और आदर्शों को केवल जयंती समारोहों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। समाज का विकास केवल राजनीतिक सामर्थ्य से नहीं, अपितु शिक्षा, संस्कार, सामाजिक एकता और चरित्र निर्माण से होता है। केंद्रीय मंत्री ने समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सशक्त, जागरूक और संस्कारवान समाज का निर्माण करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक एकता मजबूत करने, युवाओं को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने की आवश्यकता है। कृषि विश्विद्यालय के कुलगुरु डॉ वीरेंद्र सिंह जैतावत, प्रोफेसर कल्याण सिंह शेखावत, मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणावत, पार्षद स्वरूप सिंह सांगलिया सहित अनेक गणमान्य लोग एवं समाज के बंधु मौजूद रहे।

रियासतकालीन परंपराओं के साथ हुआ रावण दहन

कोटा रियासत के पूर्व महाराव इज्यराज सिंह ने मैदान में विधि-विधान के साथ ज्वारा पूजन किया

कोटा (नि.स.) कोटा की ऐतिहासिक और रियासतकालीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए रावण दहन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंगलवार को दशहरा मैदान स्थित विजयश्री रंगमंच के सामने बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण धू-धू कर जल उठा। जिसमें शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस गरिमामयी आयोजन ने एक बार फिर कोटा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। इस दौरान कोटा रियासत के पूर्व महाराव इज्यराज सिंह ने मैदान में विधि-विधान के साथ ज्वारा पूजन और श्री सीता जी के पाने का विशेष पूजन संपन्न किया। इन धार्मिक अनुष्ठानों के पूरा होने के बाद, परंपरा के अनुसार पूर्व महाराव इज्यराज सिंह ने नाभि कलश पर सटीक तीर चलाकर अमृत कलश को भेदा। उनके अमृत कलश फोड़ते ही अहंकारी रावण के कुनबे के वध और बुराई के अंत का सिलसिला शुरू हो गया। पंचांग मुहूर्त एवं तय मुहूर्त के अनुसार रात 8.24 बजे से रावण के कुनबे का दहन शुरू हुआ। पुतलों में आग लगते ही दहन स्थल पर मौजूद हर शख्स के हाथ में मोबाइल कैमरे जगमगा उठे। सबसे पहले कुंभकर्ण और फिर मेघनाद के पुतले को आग लगाई गई, और अंत में रात 8.34 बजे 105 फीट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन आरंभ हुआ। इस बार 105 फीट ऊंचे रावण तथा 72-72 फीट के कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का निर्माण किया गया था।रावण के पुतले में पूरी तरह से ग्रीन आतिशबाजी का प्रयोग किया गया था। जिससे यह दहन पॉल्यूशन फ्री और इको-फ्रेंडली रहा। रावण की छतरी, मुकुट, नक्काशी, ढाल और कंधों में हुए आतिशी धमाकों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इससे पहले वानर सेना ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। मेला परिसर में श्रीराम रंगमंच से रंगीन और भव्य आतिशबाजी ने दर्शकों के रोमांच को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। आसमान में रंगीन अशर्फियों की छटा और गूंजने वाले पटाखों की आवाज से पूरा दशहरा मैदान जगमगा उठा। मेला मैदान में दिनभर लोगों का तांता लगा रहा ।